कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।

Email-dfo_chamawat@radiffmail.com.in

पत्रांक 1134 / 12-1 दिनांक, चम्पावत 1-10- 2022

सेवा में,

अधिशासी अभियंता,
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0,
चम्पावत।

विषयः– जनपद चम्पावत के अन्तर्गत बिरमोला–रायल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.643 है0 वन भूमि के गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– भारत सरकार की पत्र संख्या 08बी / यू0सी0पी0 / 06 / 118 / 2016 / 887 दिनांक 26.09. 2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में भारत सरकार द्वारा तीन बिन्दुओं की सूचना चाही गई है।उकत बिन्दुओं की सूचना शीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे सूचना ससमय उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

संलग्नः– यथोपरि।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
चम्पावत वन प्रभाग चम्पावत।

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाषः 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल- moef.ddn@gov.in

सत्यमेव जयते

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST & CLIMATE CHANGE
INTEGRATED REGIONAL OFFICE, DEHRADUN
25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/118/2016/887 दिनांकः 26/09/2022

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय : जनपद –चम्पावत के अंतर्गत बिरमोला–रायल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.643 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (online no. FP/UK/Road/18062/2016)

सन्दर्भः– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड का पत्रांक – 610/FP/UK/ Road/18062/2016 दिनांक 01-09-2022

महोदय,

उपरोक्त विषय पर संदर्भित पत्र का आशय ग्रहण करते हुए मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 30.04.2019 का उत्तर अत्यधिक समय व्यतीत होने के उपरांत राज्य सरकार के सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत किया है, जोकि अपूर्ण है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि वह प्रस्ताव पर निर्धारित समय से अधिक समय व्यतीत होने पर निम्नाँकित बिन्दु पर अभिलेख/दस्तावेज़ इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें :

1. राज्य सरकार द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड की गई के0एम0एल0 फाईल के अवलोकन उपरांत वैकल्पिक समरेखण अधिक उपयुक्त प्रतीत हो रहा है। अतः राज्य सरकार इसपर अपना स्पष्ट प्रतिवेदन प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. राज्य सरकार वृक्षों की वर्तमान स्थिति एवं मार्ग की वर्तमान आवश्यकता को स्पष्ट करते हुये प्रस्ताव में हुये लगभग 3 वर्षों के विलम्ब के कारणों को स्पष्ट करते हुये जानकारी इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।
3. सी.ए. क्षेत्र का डी0एस0एस0 विशलेषण के उपरांत चयनित अवनत भूमि मे से 9.0 हे0 क्षेत्र Moderate Dense Forest के अंतर्गत आ रहा है जोकि मान्य नहीं है। अतः राज्य सरकार से अनुरोध है कि सी.ए. हेतु उपयुक्त भूमि का चयन कर इस कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

O/C

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे) 26.09.2022
सहायक महानिरीक्षक (वन)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अपर मुख्य सचिव (वन), उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड, देहरादून।

O/C

(गजेंद्र प्रकाश नरवणे) 26.09.22
सहायक महानिरीक्षक (वन)